प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एनसीसी की वार्षिक रैली को करेंगे संबोधित , इस वर्ष की थीम है–युवा शक्ति, विकसित भारत।
- जामताड़ा में पुलिस ने देश भर से 10 करोड़ की साइबर ठगी करने वाले गिरोह किया खुलासा, मास्टरमाइंड सहित 6 साइबर अपराधी गिरफ्तार ।
- रांची में गणतंत्र दिवस पर निकाली गयी झांकियों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को पहला स्थान, मंईयां सम्मान योजना पर बनी झांकी को मिला दूसरा स्थान ।
- तापतान में गिरावट से एक बार फिर ठंड की वापसी, मौसम विभाग ने न्यूनतम पारा दो से पांच डिग्री गिरने का जताया पूर्वानुमान।
- रांची में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग में ओडिशा वॉरियर्स बनी चैंपियन, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2–1 से हराया, मुख्यमंत्री ने कहा– खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर– एनसीसी की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे।करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित रैली की इस वर्ष की थीम है– युवा शक्ति, विकसित भारत। आयोजन के दौरान एनसीसी के आठ सौ से अधिक कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता दर्शायी जाएगी। रैली में 18 मित्र देशों के 144 युवा कैडेट की भी भागीदारी होगी। इसके अलावा, मेरा युवा भारत तथा शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय से संबद्ध 650 से अधिक स्वयंसेवक भी रैली में विशेष अतिथियों के रूप में शामिल होंगे।

*********************

जामताड़ा जिले में पुलिस ने 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब ने संवाददाताओं से बात करते हुए बताया कि इनके पास से कई मोबाइल, सिम, एटीएम कार्ड, ड्रोन कैमरा सहित नगद बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि इन अपराधियों ने देशभर में गिरोह बनाकर डेटा हेराफेरी कर अबतक कुल 10 करोड़ की साइबर ठगी की है। जिसमें अनुसंधान जारी है।

*********************

गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में रांची के महेंद्र प्रसाद विशेष आमंत्रण पर शामिल होकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। महेंद्र प्रसाद फिलहाल झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, जेएसएलपीएस के रांची स्थित राज्य कार्यालय में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन समिति, मन की बात और प्रसार भारती टीम का आभार जताया।

इधर दुमका के शुभम गोराईं भी नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेकर उत्साहित हैं। उन्हें सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और सफल प्रशिक्षु के रूप राष्ट्रीय समारोह में बतौर अतिथि नई दिल्ली आमंत्रित किया गया था। उन्होंने इस अवसर को जीवन का सबसे अद्भुत पल बताया।

*********************

रांची के मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस पर आयेजित राज्यस्तरीय समारोह में निकाली गयी झांकियों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को पहला स्थान मिला है। 11 आकर्षक और अलग–अलग थीम पर बनी झांकियों में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को दूसरा और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की झांकी को तीसरा स्थान मिला है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

झारखंड के तापमान में एक बार फिर लगातार उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है. मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 3–4 डिग्री की गिरावट हो सकती है. इसके बाद अगले दो दिनों में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने तापमान में लगातार हो रहे उतार चढ़ाव से लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

*********************

धनबाद जिले में अल्ट्रासाउंड सेन्टर के नए रजिस्ट्रेशन और रिन्यूअल के आवेदन के लिए फायर सेफ्टी अनापत्ति प्रमाणपत्र अनिवार्य किया गया है।

*********************

महिला हॉकी इंडिया लीग का पहला खिताब ओडिशा वॉरियर्स ने जीत लिया है। रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में ओडिशा वॉरियर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2–1 से पराजित किया। रुतुजा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की ज्योति को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। पुरस्कार समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विजेता टीम ओडिशा वॉरियर्स को पुरस्कार राशि का चेक, मेडल और ट्रॉफी प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने ओडिशा वॉरियर्स को बधाई दी और हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाली सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं। श्री सोरेन ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। खेलों के आयोजन से युवाओं में ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास खेल के माध्यम से राज्य को एक नई पहचान देना है।

*********************

प्रमुख अखबारों के वेबसाइट की सुर्खियां

दैनिक जागरण ने रांची में खेले गए महिला हॉकी इंडिया लीग के फाइनल मुकाबले और ओडिशा वॉरियर्स की खिताबी जीत को अपनी सुर्खी बनाई है

प्रभात खबर की सुर्खी है– झारखंड में परीक्षाओं में धांधली को लेकर केन्द्र से भी सख्त कानून।

लातेहार में स्कूली बच्चों से भरा टैंपो पिकअप से टकराया, ड्राइवर समेत 12 बच्चे घायल, इस खबर को हिंदुस्तान की वेबसाइट में प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– झारखंड में मौसम ने लिया यू– टर्न, ठंड में इजाफा।

*********************